# वागड़ संदेश

Title Code : RAJHIN27802

wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-1 अंक-99 सागवाड़ा, बुधवार,8 दिसम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# साबला में सीमेंट की दुकान से अज्ञात चोर ने ढाई लाख की नगदी पर किया हाथ साफ

## मालिक एक ग्राहक को सामान दिखाने के लिए दुकान के ऊपर गया था इसी बीच अज्ञात युवक ने वारदात को अंजाम दिया

**साबला।** डूंगरपुर जिले के साबला थाना क्षेत्र के साबला कस्बे में एक सीमेंट की दुकान से अज्ञात चोर ढाई लाख की नगदी चुरा कर फरार हो गया। दुकान मालिक 5 मिनिट के लिए एक ग्राहक को सामान दिखाने के लिए दुकान के ऊपर गया था इसी बीच अज्ञात युवक ने वारदात को अंजाम दिया। इधर सीसीटीवी केमरे में एक ब्लू बाइक पर एक युवक फरार होता हुआ दिखाई दिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। साबला थानाधिकारी मनीष कुमार ने बताया की थाना क्षेत्र के साबला कस्बे निवासी सीमेंट व्यापारी अशोक जैन अपने घर से ढाई लाख रूपये बैंक में जमा करवाने के लिए दुकान पर लाया था। दुकान के काउन्टर पर बैठकर व्यापारी अपनी राशि गिन रहा था। इस बीच कोई ग्राहक सरिये, किली व वायर लेने के लिए आया और सामान के सम्बन्ध में बात की। इसके बाद व्यापारी ने ढाई लाख की राशि को अपने गल्ले में रख दिया था और ग्राहक को सामान दिखाने के लिए दुकान के ऊपर वाले हिस्से में गया था। 5 मिनिट बाद जब सीमेंट व्यापारी नीचे आया और अपना गल्ला चेक किया तो गल्ले में से ढाई लाख की राशि गायब थी। राशि गायब देखकर दुकान मालिक के पसीने छुट गए। इसके बाद व्यापारी ने पड़ोस में लगे सीसीटीवी केमरे के फुटेज खंगाले तो फुटेज में एक युवक दुकान के अन्दर जाता हुआ दिखा और कुछ ही मिनिट में वापस दुकान से निकलकर बाइक पर फरार हो गया। घटना के बाद व्यापारी ने मामले की सुचना साबला थाना पुलिस को दी। सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी से घटना की जानकारी ली और नाकेबंदी करवाई। फिलहाल पुलिस ने व्यापारी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है ।

# पेट्रोल पम्प लूट के मामले में शेष दो आरोपी गिरफ्तार

**सागवाड़ा।** आसपुर मार्ग पर पादरा मोड के पास स्थित पेट्रोल पम्प लूट के मामले में पुलिस ने शेष दो आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने लूट के मामले में पूर्व में छह जनों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार पादरा मोड़ के पास कैप्टन फिलिंग स्टेशन पर 26 नवम्बर की रात को नगदी राशि, मोटर साइकिल लूट व ऑफिस, स्टॉफ रूम में तोडफ़ोड़ करने का मामला ओबरी थानान्तर्गत बोरखेड़ निवासी राकेश पुत्र धुलजी कटारा ने दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार दिसम्बर को छह जनों को पुलिस निरीक्षक पुरेन्द्र सोलंकी एवं टीम ने गिरफ्तार किया था। पुलिस ने पूर्व में भीमदड़ी निवासी राजु उर्फ राजमल पुत्र पूंजा डामोर, बनकोड़ा रतनागिरी निवासी रमण पुत्र गांगजी ननोमा, थाना सदर बांसवाड़ा के गणपतपुरा निवासी गोविन्द पुत्र सोमा पारगी, थाना सदर बांसवाड़ा के अमरपुरा निवासी राहुल पुत्र प्रभु डोडिया, धामणिया हाउसिंग बोर्ड बांसवाड़ा निवासी कालु उर्फ लालु पुत्र हेंगजी मकवाना, थाना सदर बांसवाड़ा के भचडिया कुपडा निवासी लक्ष्मण पुत्र हिरा कटारा को गिरफ्तार किया था। दो आरोपी थाना सदर बांसवाड़ा के गणपतपुरा निवासी राहुल पुत्र कमजी पारगी तथा अजय पुत्र गुलाबजी पारगी को उसके घर से गिरपतार किया। एएसआई देवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अरविन्द लबाना ने निवास पर दबिश देकर गिरफ्तार किया।

# अस्पताल में एक बदमाश ने वार्ड में कार्यरत महिला नर्स का पर्स छीनकर फरार

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर के मेडिकल कॉलेज के अधीन महिला एवं शिशु अस्पताल में एक बदमाश ने वार्ड में कार्यरत महिला नर्स का पर्स छीनकर फरार हो गया। इधर मौके पर मौजूद लोगो ने बदमाश को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद लोगो ने आरोपी को मौके पर पहुंची अस्पताल पुलिस चोकी के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली थाने के सीआई दिलीपदान चारण ने बताया की मेडिकल कॉलेज के अधीन महिला एवं शिशु अस्पताल में शाम करीब 4 बजे महिला नर्स उर्मिला वार्ड में अपना कार्य कर रही थी। इस दौरान एक युवक वार्ड में आया और महिला नर्स के हाथ से उसका पर्स छीन लिया और मौके से भाग निकला। इधर घटना के बाद महिला नर्स ने शोर मचाया तो मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। इधर लोगो ने पीछा करके बदमाश युवक को पकड लिया और उसकी जमकर धुनाई शुरू कर दी। लोगो ने लाठियों से हाथ-पेरो से बदमाश की जमकर मारपीट। वही इसके बाद लोगो ने अस्पताल पुलिस चोकी को मामले की सुचना दी।

# नये स्वरूप में होगा नागरिया गणपति का मंदिर

**सागवाड़ा।** मसानिया तालाब सागवाड़ा विद्युत विभाग के पास प्राचीन मंदिर नगरिया गणपति का आज किया गया खनन मुहूर्त भावसार समाज सागवाड़ा का यह गणपति मंदिर है। लंबे इंतजार के बाद आज पंडित विनोद जी त्रिवेदी समाज अध्यक्ष के रमाकांत भावसारद्वारा गजानन की विधिवत पूजा अर्चना कर समाज जनों की उपस्थिति में तथा विश्वकर्मा पुत्र पिंटू भाई के द्वारा खनन किया गया। तथा 13 दिसंबर को खाद मुहूर्त का मुहूर्त निकाला गयाइस दौरान उपेंद्र भावसार गुणवन्तअशोक भावसार दिनेश भावसार चंद्रकांत भावसार प्रमोद भावसार मुरलीधर भावसार हेमंत भावसार प्रशांत भावसार मधुकर भावसार आदि मौजूद रहे ।

# नशे की जद में डूंगरपुर के युवा, डीएसटी ने स्मेक पीते 7 युवाओं को किया गिरफ्तार

## 600 मिलीग्राम स्मेक जब्त, डीएसटी को देखकर युवा भागने लगे। लेकिन डीएसटी ने घेर कर सातों युवाओ को हिरासत में लिया

**डूंगरपुर।** शहर के युवा नशे के दलदल में फंसते जा रहे है। डीएसटी ने आज शहर के उत्तम सेवा मार्ग पर दबिश समेक पीत। नशेड़ी युवाओ को हिरासत में लेकर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया है। युवाओ से 600 मिलीग्राम स्मेक जब्त की है। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसटी प्रभारी व कोतवाली थाने के सीआई दिलीपदान ने बताया कि शहर में नशे के कारोबार की शिकायतें मिल रही थी। पुलिस की ओर से नशे के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए कोशिश भी की जा रही है। आज मुखबिर के जरिये शहर के उत्तम सेवा मार्ग पर युवाओ द्वारा नशा करने की सूचना मिली थी । जिस पर डीएसटी के हैड कांस्टेबल नवीन डामोर व टीम ने उत्तम सेवा मार्ग पर जाकर दबिश दी। इस दौरान मौके पर। युवा नशा कर रहे थे। डीएसटी को देखकर युवा भागने लगे। लेकिन डीएसटी ने घेर कर सातों युवाओ को हिरासत में लिया। सभी युवा स्मेक का सेवन कर रहे थे। डीएसटी ने युवाओ के कब्जे से 600 मिलीग्राम स्मेक भी जब्त की। इसके बाद डीएसटी ने सातों युवाओ को हिरासत में लिया और कोतवाली थाने लेकर पहुंची। डीएसटी ने सातों आरोपियों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द क़िया। कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज करते हुए सातों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इधर पुलिस आरोपियों से स्मेक सप्लायर को लेकर पूछताछ कर रही है। पूछताछ में सप्लायर्स के नाम सामने आने पर उनके खिलाफ भी शिकंजा कसा जाएगा।

# छींच गुरु आश्रम में मार्गशीर्ष पंचमी पर हुआ भव्य महोत्सव



**छींच।** छींच स्थित गुरु आश्रम में चल रहे 31 दिवसीय गायत्री यज्ञ में मार्गशीर्ष पंचमी के अवसर पर भव्य श्री राम जानकी विवाह महोत्सव मनाया गया। चित्रकूट से आये महन्त राघवदास जी महाराज के आचार्यत्व में देश के विभिन्न भागों से पधारे संतो द्वारा श्री राम अर्चा पूजन किया जिसमे भगवान श्री राम दरबार, उनके संबंधी, सेवक परिकर सहित सभी विशेष पूजन किया। अयोध्या से पधारे श्री महंत रामदास जी महाराज ने श्री राम जानकी विवाह महोत्सव के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान राम ने जनक नंदिनी सीता से विवाह किया था जिसका वर्णन श्रीरामचरितमानस में महाकवि गोस्वामी तुलसीदासजी ने किया है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम-सीता के शुभ विवाह के कारण ही यह दिन अत्यंत पवित्र माना जाता है। भारतीय संस्कृति में राम-सीता आदर्श दम्पत्ति माने गए हैं। जिस प्रकार प्रभु श्रीराम ने सदा मर्यादा पालन करके पुरुषोत्तम का पद पाया, उसी तरह माता सीता ने सारे संसार के समक्ष पतिव्रता स्त्री होने का सर्वोपरि उदाहरण प्रस्तुत किया। यज्ञाचार्य पंडित नरेंद्र आचार्य ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित देवता पूजन, गायत्री मंत्र द्वारा आहुतियां, तथा शिव पार्थिवेश्वर चिंतामणि पूजन अर्चन किया गया।

यज्ञ में अयोध्या दास जी महाराज, गंगादास जी महाराज, कृष्णगोपाल दास जी महाराज, गौसंत रघुवीरदास जी महाराज सहित संत महंत उपस्थित रहे।

# तीर्थराज सम्मेद शिखर में तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर गुरु मन्दिर का शिलान्यास महोत्सव सम्पन्न



**सागवाड़ा।** झारखंड राज्य में स्थित जैन धर्म की आस्था का सर्वोच्च केन्द्र, 20 तीर्थंकरो की मोक्ष स्थली तीर्थराज सम्मेद शिखर मधुबन में आचार्य आदिसागर अंकलीकर परम्परा के तृतीय पट्टाधीश समाधिस्थ तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर गुरू मन्दिर के निर्माण कार्य प्रारंभ के लिए भूमि पूंजन, शिलान्यास महोत्सव हुआ। बुधवार को कार्यक्रम आचार्य संभवसागर महाराज ससंघ, आचार्य विशुद्धसागर महाराज ससंघ, आचार्य निरंजनसागर, आचार्य प्रसन्नसागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में एवं प्रतिष्ठाचार्य पण्डित विनोदपगारिया विरलके तत्वावधान में हुआ। गुरू भक्त प्रदीप जोशी ने बताया कि बुधवार को सुबह गुरू संघ सानिध्य मे प्रतिष्ठाचार्य पगारिया के मंत्रोच्चारण के साथ श्री कमल जी प्रेमलता पाटनी निवासी दुर्ग छत्तीसगढ द्वारा मुख्य शिला ,मंगल कलश,ताम्र प्रशस्ति स्थापित कर शिलान्यास विधि की गयी ।

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 75 लाख पोस्टकार्ड कैंपेन में विद्या भारती की रहे अहम भूमिका -प्रकाश शर्मा



**डूंगरपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव को विश्व पटल पर अंकित करने हेतु 75 लाख पोस्टकार्ड कैंपेन अभियान मे विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की भूमिका अहम रहे तथा विद्या भारती के आव्हान पर विद्या भारती संस्थान डूंगरपुर द्वारा संचालित विद्यालयों के विद्यार्थी, अभिभावक गण, सभी विद्यालयों की प्रबंध समितियों, समस्त आचार्य दीदी तथा राष्टवादी संगठनों के कार्यकर्ता मिलकर 21हजार पोस्टकार्ड भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम लिखें यह आव्हान विद्या भारती चित्तौड़ प्रांत के संपर्क प्रमुख व जिले के संरक्षक प्रकाश शर्मा गुंजन ने जिले के सभी प्रधानाचार्यो की बैठक में विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय भीलूडा के विवेकानंद सभागार में पाथेय प्रदाता के पद से बोलते हुए किया। उन्होंने यह भी बताया की अपने क्षेत्र के उन अनाम स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में लिखना है जिनका किसी भी तरह से स्वाधीनता संग्राम में योगदान रहा है तथा दूसरा विषय 2047 का भारत कैसा होगा? इस विषय पर भी अपने विचार प्रधानमंत्री को प्रेषित करने हैं। विद्या भारती संस्थान के मंत्री कृष्णकांत उपाध्याय ने बताया कि 9 दिसंबर को अपने-अपने विद्यालयों, मोहल्लों, गांवों एवं नगरों से इस अभियान का सभी शुभारंभ करते हुए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें। विद्या भारती संस्थान के जिला सचिव जितेंद्र कुमार जोशी ने सभी प्रधानाचार्यो को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय की प्रबंध समिति एवं अभिभावकों की आवश्यक संगोष्ठी करते हुए इस विषय को विद्या भारती के प्रत्येक सदस्य तक पहुंचाते हुए सफलता प्राप्त की जा सकती है। संस्थान के कोषाध्यक्ष सुभाष मेहता ने विशिष्ट अतिथि के पद से बोलते हुए इस संपूर्ण अभियान के उद्देश्य को उजागर किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुए इस समारोह में उपस्थित प्रधानाचार्यो द्वारा सामूहिक अमृत महोत्सव गीत स्वतंत्रता का अमृत उत्सव जन गण मन का पर्व महान प्रस्तुत किया । बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के अध्यक्ष जयप्रकाश चौबीसा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन विद्या निकेतन भीलूडा के प्रधानाचार्य दिनेश व्यास ने तथा आभार विद्या निकेतन गोकुलपुरा के प्रधानाचार्य गजेंद्र चौबीसा ने व्यक्त किया। बैठक में संकुल प्रमुख चेतन पंड्या, हरीश शर्मा, दिनेश वरुण, जयंती लाल प्रजापत, रूपेश दवे, गजेंद्र सिंह चुंडावत सहित 30 विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**डूंगरपुर।** जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से आपसी राजीनामे से प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। इधर राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन से पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से डूंगरपुर शहर में रैली निकालते हुए आमजन को जागरूक किया गया। रैली को एसबीपी कॉलेज से प्राधिकरण के सचिव अमित सहलोत ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

# डैयाणा में 21 साल बाद मिला स्कूल को जमीन का हक,153 ग्रामीणों को भी मिले पट्टे



**सागवाड़ा।** गलियाकोट पंचायत समिति की ग्राम पंचायत डैयाणा में प्रशासन गांवों के संग शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 21 साल से लंबित स्कूल की जमीन सम्बन्धी प्रकरण का निस्तारण किया गया वही इसके अलावा 153 ग्रामीणों को पट्टो के वितरण के साथ अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

डैयाणा शिविर में एसडीएम राजीव द्विवेदी, तहसीलदार मयूर शर्मा, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, प्रधान जय प्रकाश पारगी, विकास अधिकारी मूलाराम सोलंकी, कैलाश फलोत, गिरदावरी मुकेश भोई, सरपंच अमृत देवी डामोर, उपसरपंच शंभु सिंह राव, सचिव हितेंद्र भावसार, भगवतीलाल रावल, कांतिलाल डामोर भी शामिल हुए एसडीएम राजीव द्विवेदी ने बताया कि शिविर में 21 सालों से लंबित स्कूल की जमीन की समस्या का समाधान करते हुए स्कूल को जमीन का मालिकाना हक दिलाया गया। एसडीएम द्विवेदी ने बताया कि डैयाणा की राजकीय स्कूल के पास जमीन का पट्टा नही था। स्कूल के पट्टे के लिए ग्रामीण 21 साल से प्रयास कर रहे थे। तकनीकी कारण से स्कूल और खातेदार की भूमि की अदलाबदली नही हो रही थी। शिविर में ग्रामीणों ने बताया कि 21 साल पहले चौखा यादव ने स्कूल को 4 बीघा 11 बीस्वा भूमि दी थी।

बदले में स्कूल की ओर से उसे 3 बीघा 1बीस्वा भूमि दी थी। भूमि के आदान प्रदान के पास दोनों के पास जमीन का मालिकाना हक नही था। शिविर में सालों पुरानी इस समस्या का समाधान किया गया। इस दौरान अतिथियों ने शिविर के दौरान जारी 153 ग्रामीणों को पट्टो का वितरण किया गया। वही शिविर में पीएम आवास के 110, पेंशन सम्बन्धी 14 और शौचालय के 26 आवेदन भी तैयार करवाए गए।

इधर शिविर को अतिथियो ने भी संबोधित किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने ग्रामीणों को प्रशासन गांवों के संग अभियान की उपयोगिता के बारे में बताया साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए शिविर के माध्यम से उन योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया।

# प्रभुदास धाम रामद्वारा का द्वितीय पाटोत्सव मनाया



**सागवाड़ा।** प्रभुदास धाम रामद्वारा का द्वितीय पाटोत्सव बुधवार को मनाया। पंडित विनोद त्रिवेदी की ओर से दरियाव जी महाराज की गादी की पूजा अर्चना कि गई।

ब्रह्मलीन प्रभुदास महाराज का निर्वाण दिवस होने के कारण उनके जीवन चरित्र व सागवाड़ा में की गई तपस्या वह प्रसंगों को संत उदयराम महाराज ने बताया। प्रभुदास धाम रामद्वारा समिति की ओर से जगन्नाथ पुरी यात्रा करके लौटे तीर्थ यात्रियों का सम्मान किया। संस्कार भारती के सदस्यों ने भजन कीर्तन किये। इस अवसर पर जगन्नाथ पुरी यात्रा कर लौटे भक्तों की ओर से महा प्रसादी हुई। भावसार समाज के अध्यक्ष रमाकांत भावसार, नवयुग मंडल अध्यक्ष मोहित भावसार तथा केंद्रीय कमेटी के नवयुवक मंडल अध्यक्ष हितेंद्र भावसार, प्रभुदास रामद्वारा की महिला मंडल के अध्यक्ष मोनिका भावसार, दिनेश शर्मा, प्रसाद भावसार लाला भाई, धनपाल भावसार, धर्मीलाल कंसारा, हेमंत भावसार, शान्ति लाल जयप्रकाश, गोपाल, प्रहलाद, जितेन्द्र सुथार, ललित चौहान मौजूद थे। संचालन गजेन्द्र साबला ने किया। आभार राजेंद्र शुक्ला ने व्यक्त किया।

# श्रीमाली समाज का सामूहिक यज्ञोपवीत, 14 बटूकों ने धारण की जनेउ

## दिवडा बड़ा में श्रीमाली समाज के उत्सव 2021 में श्री महालक्ष्मी मंदिर और प्रसादालय का शिलान्यास





**खड़गदा।** वागड़ क्षेत्रीय श्रीमाली समाज डूंगरपुर बांसवाड़ा का सामूहिक यज्ञोपवीत कार्यक्रम गुरुवार को दिवड़ा बड़ा में हुआ। आचार्य कन्हैयालाल भट्ट ने सुबह पूजा अर्चना के साथ यज्ञोपवीत कर्म संपन्न कराया। 14 बटूकों ने गायंत्री मंत्र के साथ जनेऊ धारण की। सागवाड़ा नगर पालिका के अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया थे।। कार्यक्रम में समाज के 11 गांवों के पंचों ने पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहां कि वर्तमान आर्थिक युग है, ऐसे में सामूहिक आयोजन समाज को आर्थिक बोझ से बचाते है।खोडनिया ने कहां कि ब्राह्मण समाज ने संस्कृति को संरक्षित और पल्लवित करने का काम किया है। खोडनिया ने सभी बटूकों को उपर्णा ओढा कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में समाज के अध्यक्ष श्री प्रवीण/मणिलाल श्रीमाली ने सभी अतिथियों को समाज की वर्तमान सामाजिक , आर्थिक गतिविधियों से सभी को अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि समाज ने आज के समय की मांग के अनुसार नोहरे के लिए भूमि क्रय की तथा उक्त भूमि पर समाज में सर्वसम्मति से कुलदेवी मां महालक्ष्मी का मंदिर और प्रसादालय के निर्माण का निर्णय लिया गया। जिसका आगाज आज के कार्यक्रम से किया गया है। श्री महालक्ष्मी मंदिर तथा प्रसादालय के लिए भूमिपूजन तथा शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम में सागवाड़ा नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया, गलियाकोट पंचायत समिति प्रधान जयप्रकाश पारगी, दिवडा बड़ा की सरपंच जूम देवी रोत, पंचायत समिति सदस्य नानिया रोत, उपसरपंच डॉ हितेश पाटीदार, विशिष्ट अतिथियों में सत्यनारायण श्रीमाली उद्योगपति व समाजसेवी-मुम्बई, प्रशांत श्रीमाली, गीता देवी श्रीमाली- लव श्रीमाली, धीरेंद्र व्यास, देवीलाल श्रीमाली, प्रवीण श्रीमाली, राजेंद्र श्रीमाली, नीलेश श्रीमाली, जयेश श्रीमाली मौजूद थे। संचालन सुभाष श्रीमाली, जितेश श्रीमाली तथा प्रीतम श्रीमाली ने किया। समाज उपाध्यक्ष नितेश श्रीमाली आभार व्यक्त किया।